# 9 मारवाड़ का राठौड़ राजवंश

1. जोधपुर के महाराजा मानसिंह महान कवि एवं उच्चकोटि के विद्वान थे। निम्न में से कौनसी एक रचना मानसिंह द्वारा रचित नहीं है?
(1) नाथ रचित (2) अनुभव मंजरी
(3) जलंधर चंद्रोदय (4) मान जसोमण्डन (4)

**व्याख्या–** महाराजा मानसिंह ने नाथ चरित, श्री जालंधर नाथ रो चरित, जलंधर चंद्रोदय, नाथ वर्णन ग्रंथ, अनुभव मंजरी, नाथ पूराण, मान विचार व नाथ कीर्तन आदि ग्रंथों की रचना की।

2. इतिहास में वर्णित 'मतीरे की राड़' निम्न में से किन दो शासकों के मध्य संघर्ष हुआ?
(1) कल्याण व अमर सिंह राठौड़
(2) अमर सिंह राठौड़ व कर्ण सिंह
(3) कर्ण व सुरसिंह
(4) अमर सिंह राठौड़ व जयसिंह (2)

3. जोधपुर शासक मालदेव को 'महान पुरुषार्थी राजकुमार किस इतिहासकार ने कहा है?
(1) अबुल फजल (2) बदायुनी
(3) फरिस्ता (4) निजामुद्दीन (2)

4. राठौड़ों की सत्ता का तीसरा केन्द्र किशनगढ़ की स्थापना करने वाले किशन सिंह निम्न में से किस मारवाड़ शासक के पुत्र थे?
(1) सुरसिंह (2) मोटा राजा उदयसिंह
(3) चन्द्रसेन (4) राज जोधा (2)

**व्याख्या–** उदयसिंह के पुत्र किशनसिंह ने 1609 ई. में जोधपुर के राठौड़ों से पृथक होकर किशनगढ़ राज्य बनाया। जोधपुर, बीकानेर के बाद राठौड़ सत्ता का तीसरा केन्द्र बना।

5. जलालुद्दीन खिजली के पाली पर आक्रमण के समय मारवाड़ के शासक कौन थे, जो इस युद्ध में लड़ते हुए वीर गति को प्राप्त हुए?
(1) राव आसकरण (2) राव सीहा
(3) राव आस्थान (4) राव धुहड़ (3)

6. किस मारवाड़ शासक ने अपने अल्प शासन काल में जोधपुर नगर को सुन्दर बानने हेतु जगह–जगह चौक बनवाये तथा नगर परकोटे में वृद्धि की व साथ ही सूरज पोल व आनन्दघन जी मन्दिर का निर्माण करवाया?
(1) अजीत सिंह (2) बख्त सिंह
(3) रामसिंह (4) तख्त सिंह (2)

7. किस अभियान के दौरान मारवाड़ शासक जसंवत सिंह प्रथम की वीरता से प्रभावित होकर मुगल बादशाह शाहजहां ने उनका मनसब 4000 से बढ़ाकर 6000 कर दिया था?
(1) बंगाल अभियान (2) बीजापुर अभियान
(3) कंधार अभियान (4) महकर अभियान (3)

8. महरानी विक्टोरिया के 'स्वर्ण जुबली उत्सव' में मारवाड़ से भाग लेने के लिए 1887 में कौन गए थे?
(1) सर प्रताप सिंह (2) सरदार सिंह
(3) महाराजा जसवंत सिंह द्वितीय (4) उम्मेद सिंह (1)

**व्याख्या–** सर प्रताप सिंह जसवंत सिंह द्वितीय का छोटा भाई व जोधपुर का प्रधानमंत्री था। इन्होंने जोधपुर में कायलाना झील (प्रताप सागर झील) का निर्माण करवाया।

9. शेरशाह सुरी ने जोधपुर पर अधिकार करने के बाद मेहरानगढ़ के प्रबंध की जिम्मेदारी किसे सौंपी थी?
(1) अब्बास खाँ (2) राव कल्याण मल
(3) जलाल खाँ खलवानी (4) ख्वास खाँ (4)

**व्याख्या–** गिरी–सुमेल युद्ध में मारवाड़ जीतने के बाद शेरशाह सूरी ने जोधपुर दुर्ग पर अधिकार कर लिया तथा दुर्ग में शेरशाह सूरी मस्जिद का निर्माण करवाया तथा मेहरानगढ़ के प्रबंध की जिम्मेदारी खवास खाँ को सौंपी।

10. जोधपुर के किस शासक ने 'जयप्पा सिंधिया' की धोखे से हत्या कर दी थी?
(1) राम सिंह (2) मानसिंह
(3) बख्त सिंह (4) विजय सिंह (4)

11. महाराजा उम्मेद सिंह के समय में शासन की वास्वतिक शक्तियाँ अंग्रेजों के हाथ में थी। उस समय मारवाड़ का चीफ मिनिस्टर कौन था?
(1) जे.डब्ल्यू यंग (2) मैक मेसन
(3) डोनाल्ड फिल्ड (4) जे.डी. हॉल (3)

12. जोधपुर के शासक अजीत सिंह को 'राजराजेश्वर' की उपाधि निम्न में से किस मुगल बादशाह द्वारा दी गई थी?
(1) फर्रूखशियर (2) शाहजहां
(3) औरंगजेब (4) बहादुर शाह (1)

13. जोधपुर के शासक महाराजा गजसिंह को 'महाराजा' की उपाधि किस मुगल शासक ने दी थी?
(1) औरंगजेब (2) शाहजहां
(3) जहांगीर (4) बहादुर शाह (3)

14. मुगल बादशाह द्वारा '' आज कुफ्र का दरवाजा टूट गया'' कथन किस शासक की मृत्यु पर कहा गया था?
(1) जसवंत सिंह द्वितीय (2) अजीत सिंह
(3) जसवंत सिंह प्रथम (4) राव चन्द्र सेन (3)

15. मारवाड़ में प्रचलित कहावत 'तेरह तुंगा भांगिया माले सलखाणी' किसके बारे में है?
(1) राव मालदेव (2) मानसिंह
(3) जगमाल (4) राव कानाजी (3)

16. मारवाड़ में प्रथम छापाखाना व स्कूल किसके शासनकाल में खोली गई?
(1) तख्त सिंह (2) सरदार सिंह
(3) जसवंत सिंह द्वितीय (4) सुमेर सिंह (1)

17. स्वामी दयानंद सरस्वती ने 1883 ई. में किस रियासत में आर्य समाज की स्थापना की?
(1) जयपुर (2) मेवाड़
(3) जोधपुर (4) बीकानेर (3)

18. औरंगजेब ने किस मारवाड़ शासक को गुजरात का सुबेदार बनाया व शिवाजी का दमन करने हेतु दक्षिण भारत भेजा?
(1) मानसिंह (2) जसवंत सिंह प्रथम
(3) अजीत सिंह (4) गजसिंह (2)

**व्याख्या–** 1659 ई. में जसवंत सिंह प्रथम को गुजरात का सूबेदार बनाया गया तथा 1662 में दक्षिण भारत में शिवाजी का दमन करने के लिए शाइस्ता खाँ की सहायता करने के लिए भेजा था।

19. वीर दुर्गादास राठौड़ का जन्म कब व किस स्थान पर हुआ?
(1) 13 अगस्त, 1641 सालवा गाँव
(2) 13 अगस्त, 1638 सालवा गाँव
(3) 18 अगस्त, 1638 दुनेरा गाँव
(4) 18 अगस्त, 1641 दुनेरा गाँव (2)

20. जोधपुर गढ़ के कोट के साथ राणीसागर कोट और शहरपनाह का निर्माण किस मारवाड़ शासक द्वारा करवाया गया?
(1) राव जोधा (2) राव सातल देव
(3) राव मालदेव (4) राव गांगा (3)

**व्याख्या–** मालदेव द्वारा सातलमेर, पोकरण, मालकोट, सोजत, रायपुर, गूँदोच, भाद्राजूण, रियाँ, सिवाणा, पीपाड़, नाडोल, कुण्डल, फलौदी, व दुनाड़ा आदि कस्बों में चारों ओर कोट बनवाया गया।

21. राव जोधा के बारे में कौनसा कथन सत्य है?
(1) इन्होंने जोधपुर को मारवाड़ की राजधानी बनाकर करणी माता के हाथो 1469 ई. में मेहरानगढ़ किले की नींव रखी
(2) इन्होंने मारवाड़ के राघव देव की हत्या कर दी थी।
(3) इनके समकालीन दिल्ली का सुल्तान बहलोल लोदी था।
(4) मण्डोर की रक्षा करते हुए परमारों द्वारा एक युद्ध में वीर गति को प्राप्त हुए। (3)

22. निम्न में से किस शासक की पत्नी फुला भटीयाणी ने जोधपुर में 'फुलेलाव तालाब' का निर्माण करवाया था?
(1) राव सातल देव (2) राव जोधा
(3) राव माल देव (4) राव सुजा (1)

23. खेजड़ली घटना (1730) की स्मृति में पहली बार खेजड़ी दिवस कब मनाया गया?
(1) 12 सितम्बर, 1978 (2) 12 सितम्बर, 1968
(3) 12 दिसम्बर, 1978 (4) 12 दिसम्बर, 1968 (1)

**व्याख्या–** 12 सितम्बर, 1978 को प्रथम बार खेजड़ली दिवस मनाया गया। तब से प्रतिवर्ष भाद्र पद शुक्ल दशमी को खेजड़ली दिवस मनाया जाता है। इस दिन खेजड़ली गाँव में मेला (विश्व का एकमात्र वृक्ष मेला) भरता है। वर्ष 1994 से 'अमृता देवी बिश्नोई स्मृति वानिकी पुरस्कार' पर्यावरण संरक्षण हेतु दिया जाता है।

24. जोधपुर में स्थित नाथ संप्रदाय की प्रमुख पीठ महामन्दिर का निर्माण किस शासक द्वारा करवाया गया?
(1) मानसिंह (2) जगतसिंह
(3) गजसिंह (4) रायसिंह (1)

**व्याख्या–** मानसिंह जब जालौर के किले में मारवाड़ की सेना से घिरे हुए थे तब नाथ संप्रदाय के आयसनाथ ने मानसिंह के लिए जोधपुर का राजा बनने की भविष्यवाणी की थी। शासक बनने के बाद मानसिंह ने आयसनाथ को अपना राजगुरु बनाया तथा जोधपुर में महामन्दिर का निर्माण करवाया।

25. बॉक्सर युद्ध में अंग्रेजों की सहायता हेतु मारवाड़ के किस शासक ने अपनी सेना भेजी थी?
(1) जसवंत सिंह द्वितीय (2) सरदार सिंह
(3) सुमेर सिंह (4) महाराजा उम्मेद सिंह (2)

**व्याख्या–** चीन के बॉक्सर युद्ध को दबाने के लिए मारवाड़ की सेना भेजी जिससे इन्हें मारवाड़ के झंडे पर 'चाइना 1900' लिखने का सम्मान मिला।

26. जोधपुर शासक अजीत सिंह के बारे में कौनसा कथन सत्य नहीं है?
(1) अजीत सिंह ने अपनी पुत्री का विवाह मुगल बादशाह फर्रूखशियर के साथ किया।
(2) इन्हें 'बादशाह निर्माता' कहा जाता है।
(3) ये मेवाड़ के महाराणा राजसिंह के समकालीन थे।
(4) इनकी मृत्यु के उपरांत मुगल बादशाह ने जोधपुर को खालसा घोषित किया था। (4)

27. रावल चन्द्रसेन के समय जब अकबर ने जोधपुर पर आक्रमण किया तथा मुगलों की तरफ से निम्न में से कौनसा सेनापति लड़ने आया था, जिसने जोधपुर पर अधिकार कर लिया था?
(1) बैरम खाँ (2) भगवन्त सिंह
(3) मानसिंह (4) हुसैन कुली खाँ (4)

**व्याख्या–** चन्द्रसेन के भाई राम 1564 ई. में अकबर की शरण में जाकर शाही सहायता माँगी। अकबर ने हुसैन कुली खाँ के नेतृत्व में अपनी सेना जोधपुर भेजी तथा मई 1564 ई. में अकबर की सेना ने जोधपुर किले पर अधिकार कर लिया।

28. महाराजा गजसिंह किस राज्य के शासक थे?
(1) जोधपुर (2) किशनगढ़
(3) मेवाड़ (4) कोटा (1)

29. प्रथम विश्वयुद्ध में मारवाड़ के किस शासक की सेवा से प्रसन्न होकर अंग्रेजों ने उन्हें 'जी.सी.बी. और लेफ्टिनेंट' उपाधियों से नवाजा था?
(1) महाराजा सुमेर सिंह (2) महाराजा उम्मेद सिंह
(3) महाराजा सरदार सिंह (4) महाराजा हनुवंत सिंह (1)

**व्याख्या–** प्रथम विश्व युद्ध में सहयोग देने पर सुमेर सिंह को विदेश सरकारों ने अलग-अलग अवॉर्ड दिए–
1. ब्रिटिश सरकार– जे.सी.बी. व लेफ्टिनेट
2. फ्रांस– लिजीयन दी एण्ड ऑन ग्रांड ऑफिसर
3. मिस्र– ग्रांड कॉर्डन ऑफ दी ऑर्डर ऑफ दी नाइल

30. मारवाड़ के किस शासक ने एकीकरण के समय विलय पत्र पर हस्ताक्षर करते समय रियासती विभाग के सदस्य सचिव वी.पी. मेनन की कनपटी पर पिस्तोल तान दी थी?
(1) उम्मेद सिंह (2) हनुवंत सिंह
(3) सरदार सिंह (4) मानसिंह (2)

31. गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह ने मेवाड़ पर आक्रमण किया तब मेवाड़ के शासक विक्रमादित्य की सहायता मारवाड के किस शासक ने की थी?
(1) चन्द्रसेन (2) मालदेव
(3) मोटा राजा उदयसिंह (4) अमर सिंह (2)

32. निम्नलिखित में से कौनसी एक रचना जसवंत सिंह प्रथम द्वारा रचित नहीं है?
(1) भाषा भूषण (2) अपरोक्ष सिद्धांत
(3) नरसिंह अवतार (4) आनंद विलास (3)

**व्याख्या–** जसवंत सिंह प्रथम द्वारा भाषा भूषण, अपरोक्ष सिद्धांत, आनंद विलास, सिद्धांत बोध, अनुभव प्रकाश व सिद्धांत सार आदि ग्रंथों की रचना की गई।

33. निम्न में से किस मारवाड़ शासक की मृत्यु मुगलों की सेवा करते हुए आगरा में हुई तथा वहीं जमुना किनारे अंत्येष्टी की गई?
(1) सूरसिंह (2) मोटाराजा उदयसिंह
(3) जसवंत सिंह (4) गजसिंह (4)

34. निम्न में से किस प्रसिद्ध ख्यात में विभिन्न राज्यों व मध्य भारत का इतिहास वर्णित है तथा इसे राजस्थान की सबसे प्राचीन व विश्वसनीय ख्यात माना जाता है?
(1) मुहणौत नैणसी री ख्यात (2) दयाल दास री ख्यात
(3) मारवाड़ा रा परगना री विगत (4) मुंडीयार री ख्यात (1)

35. निम्न में से किस विकल्प में रचना व उसका रचनाकार सुमेलित नहीं है?
(1) अजीतोदय – जगजीवन भट्ट
(2) अजीत चरित्र – पंडित बाल कृष्ण शर्मा
(3) ब्रह्माण्ड वर्णन – पंडित श्यामराम
(4) विजय विलास – श्यामल दास (4)

36. किस कवि ने अपने ग्रन्थ में विजय सिंह को 'जहांगीर का नमूना व गुलाब राय को जोधपुर को नूरजहां' कहा है?
(1) बांकीदास (2) श्यामलदास
(3) दुरसा आढ़ा (4) विशनसिंह बारहठ (2)

37. द्वितीय विश्व युद्ध में अंग्रेजों की सहायतार्थ किस मारवाड़ शासक ने सेना भेजी व स्वयं भी युद्ध स्थल पर पहुँचे?
(1) उम्मेद सिंह (2) सुमेर सिंह
(3) महाराजा हनुवंत सिंह (4) सरदार सिंह (1)

38. स्वामी दयानंद सरस्वती जोधपुर के किस शासक के शासनकाल में आए थे?
(1) जसवंत सिंह द्वितीय (2) विजय सिंह
(3) सरदार सिंह (4) मानसिंह (1)

**व्याख्या–** स्वामी दयानंद सरस्वती 1883 में जोधपुर आए तथा इन्होंने जोधपुर में आर्य समाज की स्थापना की। 30 सितम्बर, 1883 को अजमेर में इनकी मृत्यु हो गई।

39. मारवाड़ के किस शासक का सम्बन्ध देबारी समझौते से है?
(1) रावचन्द्र सेन (2) अजीत सिंह
(3) राव मालदेव (4) राव उदयसिंह (2)

40. वायसराय लॉर्ड एल्गिन के जोधपुर आगमन पर किस शासक ने उनके हाथों 'जसवंत जनाना अस्पताल व एल्गिन राजपूत स्कूल' का उद्घाटन करवाया?
(1) जसवंत द्वितीय (2) सरदार सिंह
(3) उम्मेद सिंह (4) सुमेर सिंह (2)

Dhindhwal Publication
Lead, Read and Achieve